तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **श्रीमती घीसा बनाम भूमिधारक जरिये तहसीलदार झुन्झुनू** **अपील संख्या 770/2020 (जीसीएमएस नम्बर 2020/00614)**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
02.03.22	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता अपीलान्ट अनुपस्थित तथा अधिवक्ता रेस्पोडेन्ट उपस्थित। प्रकरण में आवाज दिलवाई गई फिर भी अपीलान्ट की ओर से कोई भी उपस्थित नही, प्रकरण में पुनः रूक रूककर आवाजें दिलवाई गई इसके उपरान्त भी अपीलान्ट की ओर से कोई भी उपस्थित नही है। पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण वर्ष 2020 से विचाराधीन चल रहा है तथा अधिवक्ता अपीलान्ट पूर्व में भी अनुपस्थित रहे है जिसके लिये उन्हे अंतिम अवसर भी दिया गया है उसके उपरान्त भी आज अपीलान्ट की ओर से कोई भी उपस्थित नही होने के कारण अपील अपीलान्ट अदम हाजरी, अदम पैरवी में खारिज किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलान्ट अदम हाजरी, अदम पैरवी में खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। तहत रिकार्ड वापस लौटाया जावें तथा पत्रावली बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो। आदेश सुनाया गया। (दिनेश कुमार यादव) संभागीय आयुक्त, जयपुर।	